भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 427

18 जुलाई, 2017 को उत्तरार्थ

विषय: रबी फसलों का बुआई-क्षेत्र

427. श्रीमती आर॰ वनरोजाः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 26 नवम्बर, 2016 की स्थिति के अनुसार रबी फसलों का कुल बुआई क्षेत्र गत वर्ष की संगत अवधि की तुलना में अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान विमुद्रीकरण ने रबी फसलों की बुआई को प्रभावित नहीं किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री एस. एस. अहलुवालिया)

(क) से (ग): जी, हां। दिनांक 25 नवंबर, 2016 की स्थिति के अनुसार, रबी फसलों का कुल क्षेत्र 327.62 लाख हैक्टेयर था, जो पिछले वर्ष की संगत अवधि के दौरान 313.17 लाख हैक्टेयर क्षेत्र कवरेज की तुलना में अधिक था। तथापि, ये आंकडे अनुमानित एवं राज्यों द्वारा नेत्र आंकलन पर आधारित थे।

देश में एक कृषि वर्ष में प्रमुख कृषि फसलों के क्षेत्र, उत्पादन और पैदावार का व्यापक आकलन समग्र रूप से खरीफ तथा रबी मौसम के लिए किया जाता है। 2016-17 के लिए तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार, रबी 2016-17 हेतु प्रमुख कृषि फसलों का अनुमानित क्षेत्र कवरेज 629.81 लाख हैक्टेयर था जो पिछले वर्ष के दौरान 612.37 लाख हैक्टेयर था। रबी क्षेत्र के अधीन अधिक कवरेज यह दर्शाता है कि विमुद्रीकरण का रबी बुआई पर कोई महत्वपूर्ण विपरीत प्रभाव नहीं पड़ा है।

*****